आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 20.03.2025 समय : 07.10चउ

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री ने उज्जैन में नर्मदा–क्षिप्रा बहुउद्देश्यीय सिंचाई परियोजना का किया लोकार्पण ।
- छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों की मिली बड़ी कामयाबी, बीजापुर और कांकेर में 24 माओवादियों को किया ढेर।
- प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का आज सातवां दिन, विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष ने किया हंगामा।
- नईदिल्ली में खेलो इंडिया पैरागेम्स की हुई शुरूआत।

## नर्मदा-क्षिप्रा सिंचाई परियोजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन जिले के तराना में 2 हजार 489 करोड़ रुपए से अधिक लागत की नर्मदा-क्षिप्रा बहुउद्देशीय माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना और अन्य विकास कार्यों का आज लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया। परियोजना से क्षेत्र के कुल 100 ग्रामों की 30 हजार 218 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इससे उज्जैन जिले की दो तहसीलों तराना, घट्टिया के कुल 83 ग्रामों की 27 हजार 490 हेक्टेयर भूमि और शाजापुर जिले के 17 ग्रामों की 2 हजार 728 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षिप्रा का बांध आधुनिक समय का सबसे बेहतर प्रबंधन हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तराना स्थित प्राचीन तिल भांडेश्वर महादेव मंदिर में पूजा कर प्रदेश की जनता की सुख समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि तिल भांडेश्वर मंदिर को धार्मिक लोक के रूप में विकसित किया जायेगा।

## छत्तीसगढ़ मुठभेड़

छत्तीसगढ़ में आज दो विभिन्न घटनाओं में 24 माओवादी मारे गए। माओवादियों के साथ मुठभेड़ में जिला रिजर्व गार्ड-डीआरजी का एक जवान शहीद हो गया। बस्तर संभाग के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों को खुफिया सूचना मिली थी कि बीजापुर और दंतेवाड़ा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित जंगलों में माओवादी मौजूद हैं। इस खुफिया सूचना के बाद सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम तलाशी अभियान पर निकली थी। आज सुबह से ही गंगालूर इलाके में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही थी। अब तक मौके से 20 माओवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। वहीं छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में एक अन्य अभियान में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच गोलीबारी में चार माओवादी मारे गए।

## मुख्यमंत्री डिंडौरी

अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई के बलिदान दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज डिंडौरी जिले के शाहपुर में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने वीरांगना रानी अवंती बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित किया और विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में महान नायकों का सम्मान बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक रानी दुर्गावती को समर्पित की, जो जनजातीय समाज के प्रति हमारे गहरे सम्मान और प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## लोकसभा-किसान

सरकार ने 5 लाख से अधिक किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़ी अपनी विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत एक हजार एक सौ से अधिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंज़ूरी दी है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रवनीत सिंह ने आज लोकसभा में एक लिखित जवाब में यह जानकारी दी। इन योजनाओं में प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना और केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण योजना शामिल है। श्री सिंह ने कहा कि मंत्रालय ने 46 हज़ार करोड़ रुपये से ज़्यादा की परियोजना लागत वाले 41 मेगा फ़ूड पार्कों को भी मंज़ूरी दी है।

## संसद-स्थगित

लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों के प्रस्तावित परिसीमन के बारे में द्रविड मुनेत्र कझगम-डीएमके और कुछ अन्य विपक्षी सांसदों के विरोध के बाद संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा की कार्यवाही दूसरे स्थगन के बाद दोपहर 2 बजे फिर शुरू होने पर डीएमके सांसदों का विरोध जारी रहने के कारण इसे दिन भर के लिए स्थगित कर दिया गया। राज्यसभा में भी इसी मुद्दे पर कार्यवाही चार बार स्थगित करनी पड़ी। तीसरे स्थगन के बाद दोपहर 2 बजे सदन की कार्यवाही फिर शुरू होने पर उपसभापति हरिवंश ने डीएमके सांसदों के विरोध कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी।

## विधानसभा

प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के सातवें दिन आज सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष के बीच कई मुद्दों पर तीखी नोकझोंक और आसंदी के समक्ष नारेबाजी हुई। प्रदेश की परिवहन नाकों और चेक पोस्टों में अवैध वसूली होने गंभीर आरोपों को लेकर परिवहन मंत्री का ध्यान आकर्षित करने के दौरान प्रतिपक्ष कांग्रेस ने नारेबाजी की और सदन का वॉक आउट किया। विपक्ष की मांग है कि परिवहन घोटाले की जांच सीबीआई से की जाए।

**खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2030**

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आज खेलो इंडिया पैरा गेम्स के दूसरे संस्करण का शुभारंभ नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में किया। 27 मार्च तक चलने वाले इन खेलों में बारह सौ से अधिक खिलाडी, छह खेलों -तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, पावरलिफ्टिंग, निशानेबाजी और टेबल टेनिस में खेलेंगे। खेलों का सजीव प्रसारण, प्रसार भारती के यू-टयूब चैनल और डी डी स्पोर्ट्स पर किया जा रहा है। खेल मंत्री श्री मांडविया कहा कि देश भर में खेलों के विकास को बढ़ावा देने में खेलो इंडिया पहल बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया के अंतर्गत देश में खेलों के बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास हो रहा है।

**मुख्यमंत्री डिंडौरी**

अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई के बलिदान दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज डिंडौरी जिले के शाहपुर में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने वीरांगना रानी अवंती बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित किया और विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में महान नायकों का सम्मान बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक रानी दुर्गावती को समर्पित की, जो जनजातीय समाज के प्रति हमारे गहरे सम्मान और प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

**भीम यूपीआई**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कम मूल्य वाले भीम-यूपीआई लेन-देन (पी2एम) को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना स्वीकृत करने पर आभार माना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में "डिजिटल इंडिया" का संकल्प साकार हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि छोटे व्यापारियों के प्रोत्साहन के लिए 2 हजार रुपए के लेनदेन पर 0.15 प्रतिशत प्रति लेन-देन की दर से इन्सेन्टिव प्रदान करने के लिए केन्द्रीय कैबिनेट द्वारा योजना को स्वीकृति देना ऐतिहासिक है। यह न केवल डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देगा अपितु छोटे व्यापारियों को सशक्त भी बनाएगा।

**गौरेया दिवस**

आज विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर पक्षियों के संरक्षण के लिए प्रदेश में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इंदौर में नेचर वॉलंटियर्स संगठन विभिन्न स्थानों पर बक्से लगाकर गौरैया की आबादी को बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। आज संस्था के अध्यक्ष बालू मोंडे ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव और संभागायुक्त दीपक सिंह को गौरैया के बक्से भेंट किए। संभागायुक्त

ने इस अवसर पर कहा कि गौरैया मानव सभ्यता की अभिन्न साथी हैं। हम सभी का जुड़ाव गौरैया के साथ में रहा है। इस नन्हें पक्षी के संरक्षण के लिए हमें सजगता से प्रयास करने चाहिए।

**समाचार संक्षेप**

1. अनूपपुर जिले के युवाओं को भारतीय सेना में सेवा के अवसर प्रदान करने के लिए चलाए जा रहे विशेष भर्ती अभियान के तहत आज अनूपपुर, जैतहरी और कोतमा में शिविर आयोजित किए गए।
2. धार में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा "पोषण भी पढ़ाई भी" का ओरिएंटेशन प्रशिक्षण आज दिया गया । प्रशिक्षण में कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।
3. भोपाल के विंध्याचल भवन की दूसरी मंज़िल पर आज आग गई। मौके पर पहुंची तीन दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार वेल्डिंग करते वक्त गत्तों में आग लगने से धुआं उठा था, जिसके बाद आग लग गई । घटना से कोई नुकसान नही हुआ है।
4. खंडवा में नगर निगम क्षेत्र के समग्र विकास और नगर प्रशासन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के लिए आज मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में dbZ महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।
5. सीहोर जिले में समर्थन मूल्य पर एनआरएलएम की पंजीकृत महिला स्व-सहायता समूह एवं ग्राम संगठनों को गेहूं उपार्जन कार्य आवंटित करने के लिए आज कलेक्टर बालागुरू के. ने आदेश जारी किए है | इन आदेशो में जिले के 10 स्व-सहायता समूह/ग्राम संगठन को उपार्जन कार्य देने को कहा है।
6. रीवा के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में रेड रिबन इकाई द्वारा एड्स जागरूकता एवं नशा मुक्ति पर आज एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

7. गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने अभियान चलाकर फार्मर रजिस्ट्री बनाये जाने के निर्देश जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदारों को दिये हैं।
8. खरगोन में मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायतों के रिक्त पदो के लिये निकट भविष्य में होने वाले उप चुनाव पेपरलेस बूथ के माध्यम से होना प्रस्तावित है। इस संबंध में मतदाताओं, अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को परिचित कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला एवं ब्लॉक स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किये हैं।
9. जबलपुर मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें मंडल में 2200 यात्रियों से लगभग 15 लाख रुपए का रेल राजस्व एकत्र किया गया।
10. अशोकनगर जिले के ग्राम कानीखेडी स्थित तीर्थ क्षेत्र मां जानकी माता करीला धाम पर रंगपंचमी के अवसर पर तीन दिवसीय वार्षिक करीला मेला आज सम्पन्न हुआ। मेले में लगभग 24 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

--------------------